अपनों के शवों की सुरक्षा को तरस रहे ग्रामीण, अस्पताल प्रबंधन ने वरिष्ठों को भेजा प्रतिवेदन

धनोरा अस्पताल में मर्चुरी कक्ष का अभाव खुले में शव रखने को मजबूर ग्रामीण

नवभारत न्यूज

धनोरा (जागीर) ,24 मार्च. धनोरा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है धनोरा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 30 से 40 गांव आते है जिनकी मूलभूत, जरूरतें धनोरा से भी होती है धनोरा में कहने को तो 30 बिस्तरीय बड़ा सा अस्पताल है जिसको समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिला है.

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के अभाव के चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अस्पताल में मर्चुरी (शवगृह) कक्ष न होने के कारण स्थिति काफी संवेदनशील हो गई है। किसी दुर्घटना या असामयिक मृत्यु के मामले में परिजनों को शव की सुरक्षा और गरिमा बनाए रखने के लिए घंटों संघर्ष करना पड़ता है। अस्पताल में शव रखने की कोई व्यवस्थित जगह नहीं है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शव को खुले में या असुरक्षित स्थान पर रखना पड़ता है ।

शव ले जाने के लिए प्रायवेट वाहन का सहारा

शोक संतप्त परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है उक्त शव को उपस्वास्थ्य केंद्र बटकाखापा या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रई में पोस्टमार्डम कराने ले जाना पड़ता है जिसमें परिजनों को शव को ले जाने प्रायवेट वाहन का सहारा लेना पड़ता है वाहन मालिक अधिक राशि लेते है।

अस्पताल प्रबंधन ने वरिष्ठों को भेजा प्रतिवेदन

इस अव्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन भी गंभीर नजर आ रहा है। बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) ने स्वीकार किया कि मर्चुरी कक्ष की कमी के कारण कार्य करने में बाधा होती है। अस्पताल में मर्चुरी कक्ष की नितांत आवश्यकता है। हमने इस समस्या के समाधान और नए मर्चुरी भवन के निर्माण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत प्रतिवेदन और मांग पत्र भेज दिया है। सवाल यह है कि प्रशासन और शासन कब जागेगा ? जिससे उक्त गंभीर समस्या से शोकाकुल परिजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े ।

पेंच नदी के पुल के नीचे मिला महिला का शव

छिंदवाड़ा. सिंगोड़ी क्षेत्र में स्थित पेंच नदी के पुल के नीचे दोपहर के समय एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। उक्त बात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शव की अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृत महिला की उम्र लगभग 25 से 26 वर्ष बताई जा रही है। शुरुआती जांच में पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या कर शव को नदी में फेंका गया हो सकता है। हालांकि, महिला के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे मामला और भी संदिग्ध बन गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। महिला की पहचान और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

पांच लोगों की सड़क दुघर्टनाओं में मौत

थाना कोतवाली, थाना चांद और थाना चौरई क्षेत्र में हुए हादसे

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,24 मार्च. कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नागपुर मार्ग पर स्कूटी आनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दो युवकों में से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान परवेश उईके और रणजीत कवरेती के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक कोलाढाना क्षेत्र के निवासी थे और किसी काम से नागपुर रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान महाजन लॉन के सामने यह हादसा हो गया। बताया गया है कि मृतकों में एक युवक मजदूरी करता था, जबकि दूसरा फिलहाल कोई काम नहीं करता था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी आशीष कुमार के अनुसार पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

दुर्घटना में दो लोगों की मौत

चांद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में बारई निवासी रामसिंग 45 वर्ष, पिता फुलसिंग इरपाची की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन (पॉइजन) से हो गई। वहीं दूसरी घटना में सिरस निवासी चिरंजीत 53 वर्ष, पिता अमीर सिंह पटेल की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। दोनों मामलों की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

ट्रैक्टर - ट्राली से टकराई बाइक

चौरई के ग्राम समसवाडा के पास सोमवार की रात सड़क हादसा हो गया जिसमें बाईक सवार युवक की मौत हो गई। दरअसल सीताझिर निवासी भानु विश्वकर्मा की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी जिससे युवक की मौत हो गई। तत्पश्चात मर्ग कायम कर युवक का शव परीक्षण करवाया गया।

सूने मकान में चोरों ने किया हाथ साफ,देहात थाना क्षेत्र का मामला

पुलिस कर रही मामले की जांच



नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,24 मार्च. देहात थाना क्षेत्र के संजू ढाबा के पीछे एक घर में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में ताला तोड़कर नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

दोहपर 3:30 बजे मकान मालिक अपने घर पहुंचे तो मकान में लगा ताला टूटा हुआ देखकर दंग रह गए शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है प्रार्थी नितिन सिंह ठाकुर ने बताया कि वह संजू ढाबा के पीछे निवास करते हैं इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं उनकी पत्नी निजी स्कूलों में शिक्षिका है दोनों सुबह अपने-अपने जॉब पर निकल गए थे जब 3:30 बजे करीब नितिन अपने घर पहुंचे घर का ताला टूटा हुआ देख दंग रह गए जब घर के अंदर प्रवेश किया तो अलमारी खुली देख चौंक गए कपड़े पूरी तरह बिखरे हुए थे अलमारी में रखें सवा लाख रुपए नगद और करीब तीन तोला सोना चोर ले उड़े जिसमें दो सोने की अंगूठी और दो टॉप्स शामिल है प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

बेटे ने अपने पिता को धारदार हथियार से किया घायल

शराब का आदि है पुत्र, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,24 मार्च. बीती देर शाम शराब के नशे में धुत एक बेटे ने अपने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होने पर पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है.

उक्त मामले को लेकर पुलिस ने कार्रवाही शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार वासुदेव उईके गोंडा गांव का रहने वाला है. सोमवार की देर शाम वह नशे में घर पहुंचा था. घर आते ही वह अपने पिता हरिचंद्र उईके से विवाद करने लगा. विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर उसने अपने पिता हरिचंद्र उईके पर फसल काटने के हथियार से हमला कर दिया. इस हमले पिता को चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आई है। घटना के समय आरोपी की मां बेबी उईके खेत में फसल काटने गई हुई थीं. जब वह काम खत्म कर घर लौटीं, तो उन्होंने देखा कि बेटा वासुदेव अपने पिता से झगड़ा कर रहा था. उसी दौरान मां के सामने ही उसने पिता पर हमला किया. घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है.

निर्धारित स्थान पर ही रखें सामान

छिंदवाड़ा. शहर में अतिक्रमण हटाने एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम के योजना शाखा द्वारा बुधवार को विभिन्न स्थानों पर अनाउंसमेंट किया गया। इस दौरान बड़बन चर्च के सामने, नागपुर रोड स्थित चन्दनगांव माता मंदिर बस स्टैंड, अमित ठेगे चौक, टाउन हॉल के आसपास, पोस्ट ऑफिस के सामने तथा बुधवारी बाजार और मिर्ची बाजार क्षेत्र में दुकानदारों एवं ठेला-व्यवसायियों को समझाइश दी गई। नगर निगम की टीम ने सभी दुकानदारों, फल-फ्रूट विक्रेताओं और ठेला संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपना सामान निर्धारित स्थान पर ही रखें और सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

बच्चों के स्वास्थ्य के लिए स्वर्ण प्राशन अत्यंत लाभकारी :डॉ. संध्या साहू

छिंदवाड़ा। बच्चों के सर्वांगीण विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद में वर्णित स्वर्ण प्राशन संस्कार आज के समय में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। यह बात डॉ. संध्या साहू, पुण्यश्री पंचकर्म और वेलनेस सेंटर ने एक विशेष बातचीत में कही। डॉ. साहू ने बताया कि स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद की एक प्राचीन पद्धति है, जिसमें बच्चों को स्वर्ण भस्म, घृत एवं शहद के मिश्रण का सेवन कराया जाता है। इससे बच्चों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता और मानसिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।उन्होंने आगे बताया कि यह संस्कार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, जिससे बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी एवं अन्य संक्रमणों से बचाव होता है। साथ ही यह बच्चों के शारीरिक विकास में भी सहायक होता है।डॉ. संध्या साहू के अनुसार, 0 से 16 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए स्वर्ण प्राशन लाभकारी है, लेकिन इसे हमेशा विशेषज्ञ की देखरेख में ही कराया जाना चाहिए।इसी क्रम में पुण्यश्री पंचकर्म और वेलनेस सेंटर द्वारा नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

डीईओ ने जिले के शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

वीडियो कॉन्फ्रेंस में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर की चर्चा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,24 मार्च. जिला शिक्षा अधिकारी नेआज जिले के समस्त प्राचार्यों एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। वी.सी. में बताया गया कि नवीन शैक्षणिक सत्र के लिये 20 मार्च से 31 मार्च 2026 तक नामांकन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रवेश उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने तथा विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने के निर्देश दिए गए। छात्र हित में साइकिल वितरण एवं नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। साथ ही कक्षा 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिये आवश्यक रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। आगामी द्वितीय प्रयास परीक्षाओं (कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं) की तैयारी को लेकर विशेष मार्गदर्शन दिया गया, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकें। वी.सी. में यह भी निर्देशित किया गया कि ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण एवं संचालन 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाए। साथ ही इको क्लब गठन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान को सक्रिय रूप से लागू करने पर बल दिया गया। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता के लिये ई-सर्विस बुक सत्यापन, अपार आईडी अपडेट तथा समेकित छात्रवृत्ति के अंतर्गत फेल खातों एवं शेष प्रोफाइल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एमपी टास पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट, सैंक्शन एवं ओटीआर की तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

विद्युत विभाग ने 121 शिकायतों का शिविर में किया निराकरण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,24 मार्च. विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये।

इन शिविरों में 121 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 121 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 64, बिल संबंधी 26, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 03 और 03 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 121 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 121 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 64, बिल संबंधी 26, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 03 और अन्य श्रेणी की 03 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

जनगणना के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

छिंदवाड़ा. नगर निगम के सभाकक्ष में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारी का प्रशिक्षण आज प्रारंभ हुआ। जिला जनगणना अधिकारी पुष्पेंद्र निगम ने बताया कि अधिकारी स्तर से नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स की प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिला छिंदवाड़ा के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी पुष्पेंद्र निगम एवं जनगणना जिला प्रभारी अनुज सोलंकी उपस्थित थे।

पार्षद संदीप सिंह चौहान ने आंगनबाड़ी में बच्चों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

छिंदवाड़ा. मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल की गई है। राज्य के 6 साल तक के बच्चों को अब' विद्यारंभ प्रमाण-पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में पहली बार आंगनवाड़ी के बच्चों का' विद्यारंभ समारोह आयोजित किया गया है। छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम के वार्ड 42 में आज 2 आंगनबाडियों में बच्चों को पार्षद जनसेवक संदीपसिंह चौहान बच्चों का स्वागत कर प्रमाण पत्र वितरित किए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी और पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कहा कि विद्यारंभ प्रमाण-पत्र पहल से न केवल बच्चों की शैक्षणिक यात्रा में निरंतरता सुनिश्चित होगी बल्कि समुदाय में आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रति विश्वास और सहभागिता भी बढ़ेगी। इससे बच्चों का स्कूल से जुड़ाव मजबूत होगा और भविष्य में ड्रॉप आउट दर कम करने में भी मदद मिलेगी।इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा पवार, सुनीता सूर्यवंशी आंगनबाड़ी सहायिका नीलू निर्मलकर , मुकेश यदुवंशी, गणेश सेंगर,गुडडू साखरे सहित वार्ड के बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।

ARPINA
MULTI-STATE CREDIT CO-OPERATIVE SOCIETY LTD., NAGPUR
MSCS/CR/1642/2025
"A" word begins with us...

WALK IN INTERVIEW
HIRING ACROSS ALL CADRES

Eligibility :
• Graduation Degree with Banking Knowledge
• Proficiency in MS Excel
• Good Command on English & Local Language

Attire : Formal

Locations : Ujjain | Harda | Dewas | Narmadapuram
Khandwa | Katni | Satna | Timarni

NARMADAPURAM — Date : 27 March 2026 Time : 11:00 AM to 2:00 PM
Venue : Ground Floor, Mouza Jalalabad, Ward No. 12, Rudra Enclave Colony, In front of Collector Bungalow, Malakhedi Road, Narmadapuram – 461001

KHANDWA — Date : 27 March 2026 Time : 11:00 AM to 2:00 PM
Venue : 501, 5th Floor, Landmark One, Mansingka Tiraha, Pandhana Road, Khandwa (M.P.) – 450001

HARDA / TIMARNI — Date : 27 March 2026 Time : 11:00 AM to 2:00 PM
Venue : Bafana Tower, Ground Floor, Shop No. 4, Sardar Vallabhbhai Patel Ward, Ward No. 16, Indore Road, Harda (M.P.) – 461331

UJJAIN / DEWAS — Date : 28 March 2026 Time : 10:00 AM to 2:00 PM
Venue : 35, Ground Floor, Vidyapati Nagar, Near Hotel Maharaja, Indore Road, Ujjain (M.P.)

Arpina Multi State Credit Cooperative Society Limited
Contact : 0712-2990733 / 70382 25428
Email : arpinamscs9@gmail.com Website : www.arpinamscs.com
nikitamedia.in

पुण्यश्री पंचकर्म एवं वेलनेस
डॉ. संध्या साहू
बीएएमएस, नासिक (आयुर्वेदाचार्य)
• महिलाओं की समस्याएं • त्वचा रोग • मोटापा व जीवनशैली रोग
• मानसिक व स्नायु रोग पाचन तंत्र संबंधी रोग • श्वसन तंत्र रोग
• हड्डी एवं जोड़ों के रोग
वमन कर्म | विरेचन कर्म | बस्ती कर्म
एचडीएफसी बैंक के पास, परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र) । संपर्क करें :-9669555712

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध। 24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

कार्यवाही — पुलिस और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से की कार्यवाही

अवैध रेत का परिवहन करता ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव,24 मार्च. क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार, 23 मार्च को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कट्टा नदी क्षेत्र में छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने कट्टा नदी पर घेराबंदी की। इस दौरान एक बिना नंबर का नया स्वराज ट्रैक्टर (लाल रंग) रेत से भरी ट्रॉली को अवैध रूप से ले जाते हुए पाया गया। टीम ने तत्काल वाहन को रोककर चालकों से दस्तावेज मांगे, जो उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके पश्चात वाहन को जब्त कर थाना परिसर जुन्नारदेव में खड़ा किया गया है।

खनिज नियमों के तहत मामला दर्ज

जांच में यह बात सामने आई है कि पकड़ा गया ट्रैक्टर बिचबहरी कट्टा निवासी दिनेश राजभोपा का है। राजस्व विभाग द्वारा उक्त मामले में खनिज नियमों के उल्लंघन के तहत प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्यवाही से रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है।

कार्यवाही में इनकी रही मुख्य भूमिका

इस सफल संयुक्त कार्यवाही में मुख्य रूप से निम्नलिखित अधिकारियों व कर्मचारियों का योगदान रहा, राजेंद्र तेकाम (तहसीलदार जुन्नारदेव), जे. मसराम (थाना प्रभारी/निरीक्षक, जुन्नारदेव) मुकेश डोंगरे (उप निरीक्षक), राम अवतार तिवारी (आरक्षक), संतोष धुर्वे (आरक्षक), प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ इस तरह की संयुक्त कार्यवाहियां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589